# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

देश का सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस प्रदेश भर में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज सुबह प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा के सामने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इस दौरान झांकियां निकाली गयीं, जिनमें प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखायी पड़ी। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि–

***आज ही के दिन, 1950 में, भारत का संविधान लागू हुआ था। 76 वर्ष की इस यात्रा में अनेक उतार–चढ़ाव हमारे इस संविधान ने देखे हैं। लेकिन, इस सबके बावजूद, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत के अपने संकल्पों के अनुरूप, उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक, प्रत्येक भारतवासी के गौरव, भारत की एकात्मता और अखंडता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, आज हम सब एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें हमारे इस संविधान की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।***

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में स्वधीनता आन्दोलन को नई ऊंचाई मिली। श्री योगी ने भारत के संविधान सभा के पहले अध्यक्ष और पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सहित आजादी के लिये सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्री योगी ने राष्ट्र नायकों के ध्येय राष्ट्र प्रथम की चर्चा करते हुए कहा कि इस भाव का दस्तावेज संविधान के रूप में हमारे सामने है। यह देश के संकल्पों को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

**********

राज्य के सभी पूर्वी जिलों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्वज फहरा कर इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया। मऊ जिले में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने पुलिस लाइन में झंडा फहराया, वाराणसी में स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल रहे। अयोध्या के पुलिस लाइन में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। जौनपुर के गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव और चन्दौली में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर मौजूद रहे। गोरखपुर के पुलिस लाइन में प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। आकाशवाणी के गोरखपुर केन्द्र में केन्द्र निदेशक अभियांत्रिकी राहुल सिंह ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय समाचार एकांश के प्रमुख प्रेम चन्द्र गुप्ता सहित केन्द्र के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रदेश के सभी स्कूलों में इस राष्ट्रीय पर्व पर ध्वज फहराने के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक आयोजन किये गये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर उन कलाकारों का सम्मान किया, जिन्होंने सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां दी। सम्मान के बाद मुख्यमंत्री ने कलाकारों से संवाद किया। उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें प्रदेश भ्रमण का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सहित कुल दस राज्यों के अट्ठारह समूहों के दो सौ इकसठ कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ–साथ आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। यहां देश के सभी राज्यों से लोग आते हैं और एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सशक्त बनाते हैं।

**********

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शान्तिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया। ग्रुप कैप्टन शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने जून दो हजार पच्चीस में एक्सीओम–फोर मिशन के तहत अट्ठारह दिन की अंतरिक्ष यात्रा कर इतिहास रचा था।

**********

लखनऊ के इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में आज थ्रीडी फिल्म द मून मिशन इंडियाज जर्नी टू द मून को लांच किया गया। फिल्म को लांच करने के बाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव और विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद के महानिदेशक पंधारी यादव ने कहा कि यह फिल्म देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर आधारित वैज्ञानिक प्रस्तुति है। यह जन सामान्य विद्यार्थियों और विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिकों के लिये अत्यन्त प्रेरणादायी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को देश में पहली बार लांच किया गया है। अतिशीघ्र इसे गोरखपुर और रामपुर की नक्षत्रशालाओं को भी उपलब्ध कराया जायेगा।

**********